शुक्रवार • 05.03.2021

अमर उजाला 04

# स्वास्थ्य शिविर में हुई 570 छात्र-छात्राओं की जांच

खानपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने नेशनल कन्या इंटर कॉलेज में चार दिनों में 570 छात्र-छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से पांच बच्चों को सीएचसी तथा एक को रुड़की सिविल अस्पताल में जांच व इलाज के लिए रेफर किया गया।

स्वास्थ्य टीम प्रभारी डॉ. शिवेंद्र सिंह ने हरी सब्जियों और मौसमी फलों के प्रयोग पर विशेष जोर दिया। महिला चिकित्सक डॉ. इंदु सेमवाल ने बालिकाओं को रेशेदार सब्जियां, दूध, दही, दाल, चावल आदि प्रोटीन तथा विटामिन युक्त चीजें खाने पर जोर दिया। गर्ग डिग्री कॉलेज लक्सर के निदेशक संजीव गर्ग ने प्रसन्नचित मुद्रा के फायदे बताए।

प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि छात्रों के ऊपर पढ़ाई का बोझ रहता है इसलिए उन्हें.प्रतिदिन कुछ समय खेलकूद तथा योगासन करने में अवश्य व्यतीत करना चाहिए। इस अवसर पर मो. अजीज, महक सिंह, नेहा गर्ग, रीशु, मिनाक्षी, अखिल आदि उपस्थित रहे। संवाद



## जनऔषधि केंद्र एवं संस्थान ने लगाया चिकित्सा शिविर

रुड़की। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र धनौरी एवं क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में धनौरी में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक मरीजों की जांच की गई। प्रभात कुमार सैनी ने बताया कि जन औषधि केंद्र के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में क्वाड्रा आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार ने स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों में सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ. रागेश्री, के मेहता एवं शल्य चिकित्सक डॉ. भूमि सोनी, फार्मेसिस्ट शमशाद, संजीव कुमार एवं कृष्ण शर्मा मौजूद रहे। संवाद

बद्री विशाल - शुक्रवार 05 मार्च 2021।

# धनौरी में लगाया गया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

रुड़की बद्री विशाल। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र तेलीवाला रोड़ धनौरी एवं क्वाड्रा इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल के संयुक्त संत्वधान में ग्राम धनौरी में 3 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संचालक प्रभात कुमार सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र के 3 वर्ष पूर्ण हो जाने के उपलक्ष्य में यह तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया है, जिसका आज प्रथम दिवस है।



कार्यक्रम में क्वाड्रा आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार ने प्रभात सैनी को 3 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी एवं इस प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने इस जन अभियान की सफलता की कामना भी की। इस चिकित्सा शिविर में डॉ. रागेश्री के. मेहता, एवं शल्य चिकित्सक डॉ. भूमि सोनी, कनिष्ठ चिकित्सक इंटर्नी एवं अन्य कर्मचारियों, फार्मेसिस्ट शमशाद, संजीव कुमार एवं कृष्ण शर्मा ने भी भाग लिया।

Scanned by CamScanner

बद्री विशाल - शनिवार 6 मार्च 2021.

# दो दिवसीय शिविर में ५० मरीजों की हुई जांच

**रुड़की बद्री विशाल।** क्वाड्रा इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद एवं प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र धनौरी के संयुक्त तत्वाधान से धनौरी में



2 दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक मरीजों की जाँच की गई। इसमें आज आँखों की जाँच तथा बालरोग चिकित्सा का मुख्य आयोजन रहा। कार्यक्रम में क्वाड्रा आयुर्वेद चिकित्सालय से डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. योगेश सिसोदिया एवं डॉ. सुजाता ने मरीजों की जाँच की तथा प्रभात सैनी, नीतीश, अरविन्द एवं अन्य संस्थान कर्मियों ने सहयोग किया। इस अवसर पर क्वाड्रा इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद एवं अस्पताल के इंटर्न्स तथा अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राऐं मौजूद रही।


**Notice**

I, Mohammad Saleem S/o Asgar, R/o Vill. Belda, Roorkee, Distt. Haridwar-247667, Uttarakhand have changed my name from Salim to Mohammad Saleem for all future purpose.




# शिविर में हुई 50 मरीजों की जांच



धनौरी गांव में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र और क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल के शिविर में जांच कराते मरीज। संवाद

**रुड़की।** क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र धनौरी की ओर से आयोजित दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर में शुक्रवार को 50 से अधिक मरीजों की जांच की गई। शिविर में आंखों और बाल रोगों की जांच कर उपचार दिया गया। इस दौरान शिविर में क्वाड्रा आयुर्वेद चिकित्सालय से डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. योगेश सिसोदिया, डॉ. सुजाता ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में प्रभात सैनी, नीतीश, अरविंद ने शिविर में सहयोग दिया। संवाद


Scanned by CamScanner